# बिहार वृक्ष सुरक्षा दिवस

## चर्चा में क्यों?

रक्षाबंधन 2025 (09 अगस्त) के अवसर पर बिहार के [मुख्यमंत्री ](#) **नीतीश कुमार** ने पटना स्थित **राजधानी वाटिका** में एक पेड़ को राखी बाँधकर और पौधारोपण कर '**बिहार वृक्ष सुरक्षा दिवस**' (वृक्ष संरक्षण दिवस) मनाया।

## मुख्य बिंदु

- **'बिहार वृक्ष सुरक्षा दिवस के बारे में:**
  - यह दिवस 13 अगस्त 2012 को मुख्यमंत्री **नीतीश कुमार** द्वारा **रक्षाबंधन** के अवसर पर शुरू किया गया था।
- इसके उद्देश्यों में शामिल हैं:
  - **पर्यावरण संरक्षण** पर जन-जागरूकता को बढ़ावा देना।
  - **वृक्ष संरक्षण** और बड़े पैमाने पर **वृक्षारोपण** को प्रोत्साहित करना।
  - **जलवायु परिवर्तन** के प्रभावों को कम करना।
  - राज्य में **हरियाली विस्तार** और **पारिस्थितिकी पर्यटन** को समर्थन देना।
- सरकार **जल-जीवन-हरियाली** जैसी योजनाओं और जन-जागरूकता अभियानों के माध्यम से बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण, इको-पर्यटन तथा **वन्यजीव संरक्षण** को भी बढ़ावा दे रही है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/bihar-vriksh-suraksha-diwas